दिन–रविवार दिनांक– 17 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में परीक्षा रद्द करने से फिलहाल इनकार किया।
02. राज्य सरकार ने कहा– प्रश्न पत्र लीक मामले की जाँच की जा रही है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।
03. निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य सरकारों और निर्वाचन पदाधिकारियों को आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिए।
04. और, मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में उन्नीस और बीस मार्च को गरज के साथ बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

विस्तार से.........

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने पन्द्रह मार्च को आयोजित अध्यापक भर्ती परीक्षा की पहली पारी में कथित तौर पर प्रश्न पत्र लीक मामले में परीक्षा रद्द करने को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं किया है। आयोग ने आज कहा कि मामले की जाँच चल रही है। इस संबंध में अब तक कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। आर्थिक अपराध इकाई और साइबर सेल पूरे मामले की जाँच कर रहा है। आयोग ने आर्थिक अपराध इकाई से परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व प्रश्न पत्र और उत्तर लीक होने संबंधी ठोस प्रमाण की मांग की है। आयोग ने कहा है कि ठोस प्रमाण और वांछित सूचनाएँ प्राप्त होने के बाद अध्यापक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की परीक्षा के संबंध में कोई निर्णय लिया जायेगा। शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। श्री यादव ने सरकार पर परीक्षा माफिया को बचाने का आरोप लगाया है।

———तेजस्वी–

वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव के बयान को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि लालू यादव के शासनकाल में बिहार लोक सेवा आयोग में कितना भ्रष्टाचार था।

———सम्राट चौधरी–

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को चौबीस घंटे के भीतर हटा लिया जाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों और निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित राजनीतिक विज्ञापनों वाले सभी अनधिकृत पोस्टर, होर्डिंग और बैनर को बहत्तर घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार की ओर से चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से पाबंदी होगी। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी इस तरह के विज्ञापनों पर रोक के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे। मतदाता जागरूकता के लिए रेडियो, टीवी, सिनेमा और सरकारी चैनल के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किए जा सकेंगे।

————————————————————————————

इधर, राज्य में सभी जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। आचार संहिता के अनुपालन के लिए धारा एक सौ चौवालीस और एक सौ चौवालीस– ए लागू कर दी गई है। जिले से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गये बैनर, होर्डिंग और पोस्टर को हटाने का कार्य किया जा रहा है।

————————————————————————————

इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर श्रीनिवास ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषणा के बाद राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक की। विभिन्न दलों के

प्रतिनिधियों ने अपने–अपने सुझाव दिए है। राष्ट्रीय जनता दल ने मतगणना के दौरान डाक मतपत्रों की गिनती पहले कराने का अनुरोध किया है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस सात चरणों में कराये जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को लोकसभा की एक सौ दो सीटों पर और दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को नवासी सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं, तीसरे चरण में सात मई को चौरानवे सीटों, चौथे चरण में तेरह मई को छियानवे सीटों और पांचवें चरण में बीस मई को उनचास संसदीय सीटों पर मतदान होगा। छठे चरण में पच्चीस मई को सत्तावन सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को सत्तावन संसदीय सीटों पर मतदान होगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष सोलह जून को समाप्त हो रहा है।

———————————————————————

प्रदेश की चालीस सीटों पर भी सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण में औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्र में चुनाव कराया जाएगा। तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में सात मई को मतदान होगा। चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर सीटों के लिए तेरह मई को मतदान होगा। पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय सीटों के लिए बीस मई को वोट डाले जायेंगे। छठे चरण में वाल्मिकीनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में पच्चीस मई को मतदान होगा, जबकि सातवें और अंतिम चरण में एक जून को नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में मतदान कराया जाएगा।

———————————————————————

लोक सभा चुनाव के कार्यक्रम घोषित होते ही मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी आयी है। प्रदेश में जागरुकता रैली, नुक्कड नाटक, संगोष्ठी और परिचर्चा जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शेखपुरा की जिला निर्वाचन पदाधिकारी जे. प्रियदर्शिनी ने भाभीजी शुभंकर की शुरुआत की। इसका उद्देश्य महिला वोटरों को मतदान के प्रति जागरुक करना है। राज्य में युवा वोटरों की संख्या एक करोड़ तिहत्तर लाख से अधिक है। इधर, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोक सभा चुनाव में सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने और लोक तंत्र के पर्व को सफल बनाने की अपील की है।

———राजीव कुमार—

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से प्राप्त चुनावी बॉन्ड से संबंधित डिजिटल डाटा आज अपनी वेवसाइट पर अपलोड कर दिया है। यह डाटा निर्वाचन आयोग की वेवसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉड से संबंधित डाटा सीलबंद लिफाफे में दिया था और लिफाफे को खोले बिना इन्हें सर्वोच्च न्यायालय को सौंपा गया था।

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के सभी चालीस लोकसभा क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सुझाव आमंत्रित करने को लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है।

————————————————————————

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने दावा किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी चालीस लोकसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन बड़े अंतर से एतिहासिक जीत दर्ज करेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, सुशासन और गरीब कल्याण एनडीए सरकार का प्रमुख एजेंडा है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पन्द्रह मई से इकतीस मई के बीच आयोजित करायेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि आवेदन की अंतिम तिथि छब्बीस मार्च के बाद पंजीकृत छात्रों की संख्या और मतदान तिथियों के आधार पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

राज्य से एक ट्रफ रेखा गुजरने के कारण अधिकतर स्थानों पर मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। इधर, मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम सामान्य रहेगा। लेकिन इसके बाद फिर से एक विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल के अनुसार उन्नीस और बीस मार्च को राज्य के दक्षिण–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

———मौसम—

———————————————————————

बिहार सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी आज पटना में एसएसबी के सीमांत मुख्यालय पहुंचे। बल के आईजी पंकज दाराद और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री चौधरी ने पटना में अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान उन्हें विभिन्न बटालियन की ओर से किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। भारत नेपाल सीमा पर चौकसी और अन्य उपायों के बारे में भी महानिदेशक ने जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न सीमा चौकियों के माध्यम से बेहतर सीमा प्रबंधन के निर्देश दिये। महानिदेशक ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बटालियनों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। एसएसबी महानिदेशक इसके बाद मुजफ्फरपुर और सीतामढी क्षेत्र अंतर्गत बटालियनों का निरीक्षण करेंगे।

---

जनवादी लेखक संघ की ओर से आज पटना में –कविता की जमीन– कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविता से समाज में व्याप्त गरीबी, बेकारी, बेरोजगारी और नारी उत्पीड़न जैसी कड़वी सच्चाईयों पर प्रकाश डाला।

---

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार ने गया में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय और प्रयोगशाला का पटना से ऑनलाइन उद्घाटन किया।

---

कैमूर जिले का तैंतीसवां स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इधर, बक्सर जिला भी आज अपना चौंतीसवां स्थापना दिवस मना रहा है।

---

बांका जिले के बाराहाट बाजार में बाईक सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर एक स्वर्ण व्यवसायी से आभूषण और नकद लूट लिए। पुलिस मामलें की जाँच कर रही है।

---

पश्चिम चम्पारण पुलिस ने भंगहा थाना क्षेत्र से एक तस्कर को इक्कीस किलो गांजा के साथ गिरफतार किया है।

---

कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के उसरी गांव के पास जीटी रोड पर दो वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकी एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

मुख्य समाचार

01. बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में परीक्षा रद्द करने से फिलहाल इनकार किया।
02. राज्य सरकार ने कहा—मामले की जाँच की जा रही है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।
03. निर्वाचन आयोग ने सभी राज्य सरकारों और निर्वाचन पदाधिकारियों को आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिए।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में उन्नीस और बीस मार्च को गरज के साथ बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

समाप्त हुआ।